# ब्रिक्स सम्मेलन में भारत की विरासत का प्रदर्शन

## 03 प्रदर्शनियां बनीं आकर्षण



**भोपाल, 5 अगस्त. कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आज से प्रारंभ होकर 8 अगस्त तक आयोजित हो रहे ब्रिक्स संस्कृति सम्मेलन में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, समुद्री सभ्यता और ज्ञान परंपरा को प्रदर्शित करने वाली तीन विशेष प्रदर्शनियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं.**

'प्रोजेक्ट मौसम', 'बृहत्तर भारत' और 'ज्ञान भारतम्' के माध्यम से भारत के सदियों पुराने वैश्विक सांस्कृतिक संबंधों और ज्ञान परंपरा को आधुनिक तकनीक के साथ प्रस्तुत किया गया है. ये प्रदर्शनियां 7 और 9 अगस्त को आम नागरिकों के लिए भी खुली रहेंगी.

'प्रोजेक्ट मौसम' में मानसूनी हवाओं के माध्यम से विकसित हिंद महासागर क्षेत्र के प्राचीन समुद्री व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों की झलक दिखाई गई है. इमर्सिव फिल्म, डिजिटल इंटरेक्टिव और आकर्षक ग्राफिक्स के जरिए व्यापार, धर्म, प्रवासन और ज्ञान के आदान-प्रदान की कहानी प्रस्तुत की गई है. प्रदर्शनी में साझा विरासत स्थलों के संरक्षण और यूनेस्को नामांकन की प्रक्रिया को भी सरल तरीके से समझाया गया है.

वहीं 'बृहत्तर भारत' प्रदर्शनी भारत और दुनिया के बीच हजारों वर्षों से चले आ रहे सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक संबंधों को रेखांकित करती है. इंडोनेशिया, थाईलैंड, वियतनाम, चीन और सिल्क रोड से जुड़े ऐतिहासिक उदाहरणों के माध्यम से बताया गया है कि भारत का प्रभाव राजनीतिक विस्तार नहीं, बल्कि ज्ञान, कला, धर्म और सांस्कृतिक संवाद के माध्यम से दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचा.

'ज्ञान भारतम्' प्रदर्शनी भारतीय पांडुलिपि और ज्ञान परंपरा के संरक्षण को आधुनिक तकनीक से जोड़ती है. इसमें प्राचीन गणित, दर्शन, साहित्य, अध्यात्म और भाषा-विज्ञान से संबंधित दुर्लभ पांडुलिपियों को डिजिटल माध्यम से प्रदर्शित किया गया है. 16वीं शताब्दी की 'लीलावती', 'रेखागणित', 'पंचतंत्र' और 'निरुक्त' जैसी कृतियां विशेष आकर्षण हैं.

### मध्यप्रदेश की विरासत भी वैश्विक मंच पर

सम्मेलन में मध्यप्रदेश का विशेष पवेलियन भी प्रतिनिधियों के आकर्षण का केंद्र बना है. सांची स्तूप के मुख्य तोरण की प्रतिकृति पर आधारित पवेलियन में खजुराहो, सांची, भीमबेटका, मांडू, ग्वालियर, ओरछा और महेश्वर सहित प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित किया गया है. टाइगर रिजर्व, राष्ट्रीय उद्यान, जलप्रपात और इको-टूरिज्म स्थलों के साथ गोंड चित्रकला, मृदा शिल्प और नंदना ब्लॉक प्रिंटिंग जैसी पारंपरिक कलाओं को भी स्थान मिला है. इस आयोजन के माध्यम से भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना और सांस्कृतिक विविधता को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है. साथ ही, प्रदर्शनियां ब्रिक्स देशों के बीच सांस्कृतिक संवाद, सहयोग और साझा विरासत की समझ को और मजबूत करने का माध्यम बन रही हैं.

# मोबाइल हैक कर दो लोगों के खातों से 91 हजार रुपये उड़ाए

**ग्वालियर.** जिले में साइबर ठगों ने मोबाइल हैक कर दो अलग-अलग लोगों के बैंक खातों से कुल 91 हजार रुपये निकाल लिए. दोनों मामलों में संबंधित थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार आंतरी थाना क्षेत्र के ग्राम लधवाया निवासी रानी गौड़ ने शिकायत दर्ज कराई है कि 29 जुलाई की रात करीब 8:15 बजे उनका मोबाइल फोन अचानक हैक हो गया. कुछ देर बाद मोबाइल सामान्य होने पर बैंक खाते की जांच करने पर 60 हजार रुपये निकाले जाने की जानकारी मिली. इसके बाद उन्होंने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई.

# अगले 5 दिन तेज बारिश के आसार

## 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं



नवभारत न्यूज

**भोपाल, 5 अगस्त. मध्यप्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है और मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गरज-चमक, तेज बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं का दौर बने रहने की संभावना जताई है.**

विभाग के मुताबिक पूर्वी और मध्य हिस्सों में कहीं-कहीं भारी से अति भारी बारिश हो सकती है. लगातार बदल रहे मौसम के कारण कई जिलों में बार बार बारिश होने की सम्भावना हैं. ऐसे में निचले इलाकों, नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है.

प्रदेश के शिवपुरी, दतिया, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ में भारी वर्षा, गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली व 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जताई गयी है. इसके साथ ही भोपाल, विदिशा, रायसेन, सिहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम , बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, देवास, शाजापुर, आगर व अधिकांश जिलों में आकाशीय बिजली के साथ 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है.

> भोपाल में बादल छाए रहे, रुक-रुक कर बारिश होने और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ी. अगले 24 घंटे के दौरान मौसम में खास बदलाव की संभावना नहीं है और बीच-बीच में बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है. विभाग ने लोगों को खुले मैदानों, पेड़ों और बिजली के खंभों के पास खड़े होने से बचने तथा खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा टालने की सलाह दी है. भारी बारिश वाले इलाकों में अचानक जलभराव से नुकसान तथा यातायात प्रभावित होने की आशंका रहेगी.



# 1.5 करोड़ चोरी की संपत्ति बरामद

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 5 अगस्त. प्रदेश में चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मध्यप्रदेश पुलिस ने पिछले 15 दिनों में 1.5 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की चोरी गई संपत्ति बरामद कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है.**

पुलिस की इस कार्रवाई से संपत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण के प्रयासों को नई मजबूती मिली है.

सबसे बड़ी सफलता इंदौर पुलिस को मिली, जहां दो अलग-अलग मामलों में 34 लाख रुपये से अधिक की चोरी गई संपत्ति बरामद की गई. इनमें ई-ऑटो रिक्शा में यात्रियों को निशाना बनाने वाले एक संगठित गिरोह का भी पर्दाफाश किया गया. उज्जैन पुलिस ने 33 लाख रुपये के चोरी के आभूषण बरामद किए, जबकि कटनी पुलिस ने 25 लाख रुपये मूल्य की चोरी गई सामग्री और एक कार जब्त की.

# फरार संजू मराठा अब पुलिस की गिरफ्त में

## ई-रिक्शा किराये के काम की आड़ में हथियार सप्लाई का शक

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 5 अगस्त. अवैध हथियार तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आदतन अपराधी संजय उर्फ संजू मराठा को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है. आरोपी का नाम पहले पकड़े गए हथियार तस्करों से पूछताछ के दौरान सामने आया था.**

आशंका है कि प्रॉपर्टी ब्रोकिंग और ई रिक्शा किराये पर देने के काम की आड़ में वह हथियारों की खरीद फरोख्त से जुड़ा हो सकता है. आरोपी के खिलाफ अलग अलग थानों में आर्म्स एक्ट, अड़ीबाजी,और मारपीट सहित 17 अपराध दर्ज हैं. कुछ समय पहले अवैध हथियार तस्करी के मामले में परसराम और सोहेल को गिरफ्तार किया था. उनके कब्जे से चार देशी पिस्तौल, चार जिंदा कारतूस और हथियार तस्करी में इस्तेमाल कार जब्त की गई थी.

पूछताछ में गुमास्ता नगर निवासी संजय उर्फ संजू मराठा का नाम सामने आया था. इसके बाद से ही क्राइम ब्रांच उसकी तलाश कर रही थी. आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था. मुखबिर से मिली सूचना के बाद टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया. जांच में सामने आया कि आरोपी प्रॉपर्टी ब्रोकिंग और ई रिक्शा किराये पर देने का काम करता था. पुलिस अब उससे हथियारों की सप्लाई चेन और नेटवर्क से जुड़े लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है.

> अवैध हथियार तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी संजय उर्फ संजू मराठा को गिरफ्तार किया है. आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया है. उससे पूछताछ कर हथियार सप्लाई करने वाले लोगों और नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाई जा रही है. **राजेश दंडोतिया,**
> एडिशनल डीसीपी, क्राइम ब्रांच



# भोपाल जयपुर ट्रेन में युवकों ने शराब पीकर किया हंगामा

## 04 युवकों को ट्रेन से उतारकर गिरफ्तार किया

**उज्जैन, 5 अगस्त. भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस के एसी कोच में शराब के नशे में हंगामा कर यात्रियों को परेशान कर रहे चार लोगों के खिलाफ जीआरपी ने कार्रवाई करते हुए उन्हें ट्रेन से उतारकर गिरफ्तार कर लिया.**

जीआरपी के अनुसार रात को भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस के एम-3 कोच से यात्रियों ने रेलवे स्टेशन उज्जैन पर तैनात कर्मचारियों को सूचना दी कि तीन-चार यात्री शराब के नशे में हुड़दंग कर रहे हैं और अन्य यात्रियों को परेशान कर रहे हैं. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जीआरपी की चेकिंग टीम प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 पर पहुंची और संबंधित कोच में कार्रवाई की.

पुलिस ने चारों आरोपियों को ट्रेन से उतारकर थाना लाया. जिला चिकित्सालय में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उनके खिलाफ मध्य प्रदेश पुलिस एक्ट की धारा 34(6) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई तथा बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत नोटिस देकर पाबंद किया गया.

# 957 गर्भवती-धात्री महिलाओं का सत्यापन लंबित

**बड़वानी.** गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के लिए जिले में चलाया जा रहा सत्यापन अभियान अंतिम चरण में पहुंचकर भी अधूरा है. जनवरी से 3 अगस्त तक चिन्हित 19387 हितग्राहियों में से 18430 महिलाओं का सत्यापन पूरा हो चुका है, जबकि 957 प्रकरण अब भी लंबित हैं. इनमें 519 गर्भवती और 438 धात्री महिलाएं शामिल हैं. लंबित सत्यापन के कारण अनेक पात्र हितग्राहियों के नाम पोर्टल पर अपडेट नहीं हो पा रहे, जिससे प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना सहित पोषण, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं का लाभ मिलने में विलंब हो रहा है.

# मंत्रियों ने सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं

## विश्वास सारंग और लखन पटेल ने त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



**भोपाल, 5 अगस्त. मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग एवं मंत्री लखन पटेल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याएं और सुझाव सुने.**

मंत्रीद्वय ने कार्यकर्ताओं द्वारा रखे गए विभिन्न मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए. इस दौरान कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कराया गया, जबकि जिन प्रकरणों में विस्तृत प्रक्रिया की आवश्यकता थी, उन्हें संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए. मंत्रियों ने अधिकारियों से कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए. मंत्रियों ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी ओर से प्राप्त प्रत्येक समस्या और सुझाव पर विचार किया जाएगा. उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निराकरण सरकार की प्राथमिकता है. जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के माध्यम से सामने आने वाले मामलों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.



# एसडीईआरएफ जवानों ने बेसिक प्रशिक्षण किया पूरा

## 44 जवानों का 90 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 05 अगस्त. मध्यप्रदेश पुलिस के राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल (एसडीईआरएफ) के 44 जवानों का 90 दिवसीय बेसिक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया.**

समापन समारोह में विशेष पुलिस महानिदेशक प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण पूर्ण होने के प्रमाण-पत्र प्रदान किए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन जवानों को शील्ड देकर सम्मानित किया. इस अवसर पर प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव ने कहा कि एसडीईआरएफ प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दौरान त्वरित और प्रभावी राहत एवं बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जवानों की तकनीकी दक्षता, संचालन क्षमता तथा आपदा प्रबंधन कौशल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे वे विषम परिस्थितियों में भी प्रभावी ढंग से अपनी सेवाएं दे सकेंगे. प्रशिक्षण के दौरान जवानों को बाढ़ बचाव, कोलैप्स्ड स्ट्रक्चर सर्च एंड रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार, केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर आपातकालीन प्रतिक्रिया सहित विभिन्न विशेष आपदा प्रबंधन तकनीकों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया.

### 50 प्रतिशत जोखिम भत्ता भी मिलेगा

प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद सभी जवान प्रदेशभर में एसडीईआरएफ की विशेष आपदा प्रतिक्रिया टीमों में तैनात किए जाएंगे. शासन के प्रावधानों के अनुसार उन्हें 50 प्रतिशत जोखिम भत्ता भी मिलेगा. कार्यक्रम का विशेष आकर्षण भिंड जिले में राहत एवं बचाव अभियान के दौरान शहीद हुए एसडीईआरएफ जवान की पत्नी डॉली कुशवाह की सफल भागीदारी रही, जिनके साहस और सेवा-समर्पण की सभी ने सराहना की. समारोह में पुलिस उपमहानिरीक्षक अमित सांघी, संभागीय कमांडेंट संगीता डी. कुमार, कमलेंद्र परिहार तथा एसडीईआरएफ के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

# भुसावल-कटनी एक्सप्रेस की ट्रिप निरस्त

## रेलखंड में पांचवीं रेललाइन के कार्य के चलते लिया निर्णय

**भोपाल, 5 अगस्त. मध्य रेल के भुसावल मंडल में भादली-जलगांव रेलखंड पर पांचवीं रेललाइन कनेक्शन के लिए प्री-एनआई एवं नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा. इसके चलते पश्चिम मध्य रेल से संचालित भुसावल-कटनी-भुसावल एक्सप्रेस की एक-एक ट्रिप निरस्त रहेगी.**

रेल प्रशासन के अनुसार गाड़ी संख्या19013 भुसावल-कटनी एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन भुसावल से 12 अगस्त को निरस्त रहेगी. वहीं, गाड़ी संख्या 19014 कटनी-भुसावल एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन कटनी से 14 अगस्त को निरस्त रहेगी. रेल प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा की योजना बनाने से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने की अपील की है.

### प्रेमचंद जयंती पर सजी साहित्य की दुनिया

निशातपुरा स्थित सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, पश्चिम मध्य रेल में हिंदी के महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की 146वीं जयंती पर भव्य आयोजन किया गया. मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाडे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रेमचंद की कालजयी रचनाओं पर आधारित पुस्तक प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही. प्रदर्शनी में साहित्यिक पात्रों और प्रसंगों को रचनात्मक झांकियों के माध्यम से साकार किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती एवं प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ. संपर्क राजभाषा अधिकारी संदीप शर्मा ने स्वागत भाषण में प्रेमचंद के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला. इसके बाद मुख्य अतिथि ने फीता काटकर पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया. प्रदर्शनी में **'ईदगाह' के हामिद का चिमटा, 'गोदान' के होरी की गाय, 'पूस की रात' के हल्कू का कंबल और जबरा, 'गबन' की जालपा के आभूषण, 'ठाकुर का कुआं' का जोखू का लोटा, 'दो बैलों की कथा' के हीरा-मोती तथा 'पंच परमेश्वर' की चौपाल** जैसी झांकियां प्रदर्शित की गईं.

# तीन राज्यों के अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 19 आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन, 05 अगस्त. शहर की महाकाल थाना पुलिस ने चोरी की वारदातों को अंजाम देने की योजना बना रहे राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के तीन अलग-अलग मामलों में 19 महिला एवं पुरुष आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

महाकाल की सवारी तथा अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं और सूने मकानों को निशाना बनाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. तीन अलग-अलग प्रकरणों में छह महिलाओं सहित कुल 19 आरोपियों को पकड़ा गया है. उनके कब्जे से अवैध हथियार और चोरी में प्रयुक्त होने वाले औजार भी बरामद किए गए हैं.

पहले प्रकरण में गुड्डीबाई, रेखा, नीतूबाई, नरेशबाई, सोनिया तथा सपना को गिरफ्तार किया गया. इनके कब्जे से एक बका, दो चाकू, एक बांस का डंडा, एक लोहे का पाइप, एक पेंचकस और 10 चाबियों का गुच्छा बरामद किया गया. दूसरे प्रकरण में सूरज बावरी, मुकेश भुरिया और अनिल सार के अलावा बिरपाल ठाकुर तथा सुरेश जाटव को गिरफ्तार किया गया. एक अन्य प्रकरण में रामवीर दंदवा, अरमान, अफजल और बलिया समेत सात को गिरफ्तार किया गया.

# ज्वेलर्स शोरूम में महिला ग्राहक के पर्स से 20 हजार रुपये चोरी

**छिंदवाड़ा.** जिले के जुन्नारदेव स्थित एक ज्वेलर्स शोरूम में खरीदारी के दौरान महिला ग्राहक के पर्स से 20 हजार रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध महिला की तलाश शुरू कर दी है. जुन्नारदेव बाजार स्थित स्वर्णदीप ज्वेलर्स में बड़ी संख्या में ग्राहक खरीदारी कर रहे थे. इसी दौरान एक महिला ग्राहक के पर्स से अज्ञात महिला ने कथित रूप से 20 हजार रुपये निकाल लिए. घटना की जानकारी तब हुई जब पीड़िता ने भुगतान के लिए पर्स खोला और उसमें रखी नकदी गायब मिली.

इंतजार | रिव्यू डीपीसी के लिए 7 कमेटियां गठित, अपात्रों के नाम हटेंगे, छूटे पात्रों को मिलेगा मौका

# पीएचक्यू पहुंचीं 5 हजार शिकायतें

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 5 अगस्त. मध्यप्रदेश पुलिस में पदोन्नति को लेकर पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में करीब 5 हजार शिकायतें और आवेदन पहुंच चुके हैं.**

शिकायतों में कई पुलिसकर्मियों ने खुद को पदोन्नति के लिए पात्र बताते हुए प्रमोशन देने की मांग की है, जबकि कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों को नियमों के विपरीत पदोन्नति दिए जाने की शिकायत भी की गई है. इन शिकायतों के बाद पुलिस मुख्यालय ने पदोन्नति सूची की समीक्षा के लिए 7 कमेटियों का गठन किया है. कमेटियां गुरुवार-शुक्रवार से रिव्यू डीपीसी की प्रक्रिया शुरू करेंगी. प्रदेश की करीब 120 पुलिस इकाइयों में कार्यरत 1.02 लाख से अधिक पुलिसकर्मियों में से लगभग 24 हजार कर्मचारियों और अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है. पदोन्नति प्रक्रिया पूरी होने के बाद बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने पीएचक्यू की प्रशासन शाखा में आवेदन और शिकायतें भेजीं. इनमें कुछ ने अपने नाम पदोन्नति सूची में शामिल नहीं किए जाने पर आपत्ति जताई है, वहीं कुछ शिकायतों में पदोन्नति पाने वाले कर्मचारियों की पात्रता पर सवाल उठाए गए हैं.



**आईजी प्रशासन हरिनारायणचारी मिश्र** ने बताया कि शिकायतों के बाद अब पुलिस मुख्यालय पदोन्नति सूची की दोबारा समीक्षा करेगा. रिव्यू डीपीसी में एएसआई, प्लाटून कमांडर, सूबेदार, सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर और रक्षित निरीक्षक स्तर की पदोन्नति सूचियों की समीक्षा की जाएगी. समीक्षा के दौरान यह देखा जाएगा कि पदोन्नति पाने वाले कर्मचारी निर्धारित पदोन्नति नियम 2025 के तहत पात्र हैं या नहीं. जो नाम नियमों के दायरे में नहीं पाए जाएंगे, उन्हें पदोन्नति सूची से हटाया जा सकता है. वहीं पात्र होने के बावजूद जिन पुलिसकर्मियों के नाम सूची में शामिल नहीं हो पाए थे, उनके नाम जोड़ने की तैयारी भी की जा रही है. पुलिस मुख्यालय में एएसआई, एसआई, इंस्पेक्टर और कार्यवाहक डीएसपी स्तर की डीपीसी की जाएगी.

### इन कारणों से बढ़ी शिकायतें

- कई पुलिसकर्मियों की एसीआर समय पर नहीं भेजी गई, जिसके चलते उनकी पदोन्नति प्रभावित हुई.
- एसीआर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की 'ख' श्रेणी होने से वे पदोन्नति के लिए पात्रता में पिछड़ गए.
- रिक्त पदों की सीमित संख्या के कारण पात्र होने के बावजूद कई कर्मचारियों को पदोन्नति नहीं मिल सकी.
- पदोन्नति प्रक्रिया के लिए कम समय मिलने के कारण दस्तावेजों और पात्रता की जांच में कुछ मामलों में आपत्तियां रह जाने की बात भी सामने आई है.

## पेज एक का शेष

### 10 सदस्यीय समिति भंग

अस्पतालों, कोचिंग संस्थानों, होटल, शोरूम और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है. स्थानीय रहवासियों का कहना है कि इससे यातायात, पार्किंग, शोर-शराबा, सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं पर गंभीर असर पड़ा है. याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में यह भी आरोप लगाया कि नगर निगम ने कई मामलों में वास्तविक सीलिंग करने के बजाय केवल दुकानदारों से पंचनामा या स्वैच्छिक घोषणा-पत्र भरवाकर औपचारिक कार्रवाई दिखाई. कई प्रतिष्ठानों पर नोटिस चस्पा कर उन्हें बंद दर्शाया गया, जबकि बाद में अधिकांश प्रतिष्ठान फिर से संचालित होने लगे. याचिकाकर्ताओं का कहना था कि यह न्यायालय के आदेशों का प्रभावी अनुपालन नहीं बल्कि केवल औपचारिकता थी. इसी पर अदालत ने प्रशासन से कड़ी नाराजगी व्यक्त की. व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है तेज : दूसरी ओर, संयुक्त रहवासी संघर्ष समिति लगातार यह मांग करती रही है कि मास्टर प्लान के अनुसार ही भूमि उपयोग सुनिश्चित किया जाए. समिति का कहना है कि उनकी लड़ाई किसी व्यापारी के खिलाफ नहीं, बल्कि शहर के नियोजित विकास और कानून के समान अनुपालन के लिए है. उनका आरोप है कि नगर निगम छोटे प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करता है, जबकि प्रभावशाली लोगों के बड़े व्यावसायिक परिसरों और अवैध निर्माणों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती.

### पाकिस्तान चाहता था सीजफायर

एक साझा तस्वीर थी, जिसके आधार पर तेजी से फैसले लिए गए. उनके मुताबिक, आधुनिक तकनीक और बेहतर समन्वय ने भारत को रणनीतिक बढ़त दिलाई. ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत 7 मई 2025 को हुई थी. यह कार्रवाई 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी. भारत ने इस अभियान के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकी ढांचों को निशाना बनाया था. जनरल चौहान ने कहा कि संघर्ष के दौरान भारतीय सेना और वायुसेना ने अपनी योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से लागू किया.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14